
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

25 दिसम्बर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा द्वारा व्यक्ति के व्यक्तिव का विकास होता है, व्यक्तिव के उत्तम विकास के लिए शिक्षा का स्वरुप आदर्शों से युक्त होना चाहिए।

**अटल बिहारी वाजपेयी**

( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )

जन्म: 25 दिसम्बर 1924 मृत्यु: 16 अगस्त 2018



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 25 दिसम्बर

1. **अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिवस–** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर, 1924 ई. को ग्वालियर, मध्यप्रदेश में हुआ था। वे हिन्दी के कवि, पत्रकार और एक प्रखर वक्ता थे। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। वर्ष 1992में 'पद्म विभूषण', और वर्ष 2015 में 'भारत रत्न' सम्मान से भी सम्मानित किये गये थे। इसके अलावे वर्ष 1994 में उन्हें 'श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार', 'पं. गोविन्द वल्लभ पुरस्कार' और 'लोकमान्य तिलक पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पोखरण परमाणु परीक्षण, दिल्ली –लाहौर बस सेवा, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना तथा कारगिल युद्ध विजय प्रमुख उपलब्धियां रही।
2. **क्रिसमस डे/ईसा मसीह जयंती–** 25 दिसम्बर को ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह का जन्म येरूसेलम, यहुदा, रोमन साम्राज्य में हुआ था। इनके माता–पिता का नाम मरियम और युसुफ था। इनके जीवनी और उपदेशों को 'बाइबिल' नामक ग्रंथ में संग्रहित किया गया है।
3. **राष्ट्रीय सुशासन दिवस–** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी।
4. **पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती–** पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसम्बर, 1861 ई. को प्रयाग में हुआ था। वे एक शिक्षक, वकील, सम्पादक और समाज सुधारक नेता भी थे। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। इसके अलावा हिन्दी भाषा के विकास में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें दिसम्बर 2014 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।


W e d n e s d a y

मधु प्रिया

# सुशासन दिवस 25 दिसंबर




देश में महत्वपूर्ण दिवसों की सूची में एक महत्वपूर्ण दिन **25** दिसंबर का होता है जिसे सुशासन दिवस कहा जाता है। यह दिन हमारे भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी के जन्मदिवस के दिन ही आता है। असल में इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य इनकी जन्म तारीख को एक खास पहचान देकर इन्हे सम्मानित करना भी है। वर्ष **2014** में सरकारी कार्यालयों में लोगों को अपने कार्यो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस दिन की स्थापना की गई और इस दिन के इस सिद्धांत को ध्यान में रखने के लिए यह दिन सरकारी दफ्तरों के लिए अवकाश न होते हुये एक कार्यकारी दिवस होता है। भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा **23** दिसंबर **2014** को नब्बे वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किया गया था। घोषणा के बाद उस समय नव निर्वाचित प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन ने इसकी स्थापना करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को भारत में प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुशासन दिवस का उद्देश्य देश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में लोगों को जागरूक करना है। यह लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है।




**अटल बिहारी वाजपेयी (25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018) भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है। वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे, और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया।**

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.12.2024


## संरचनात्मक पद्धति

यह विधि नई पद्धति तथा श्रव्य-मौखिक पद्धति के रूप में जानी जाती है। यह पद्धति डाइरेक्ट मैथड के सुधार के रूप में उपयोग की जाती है। इस पद्धति में संरचना का समावेश होता है और ये संरचना या शब्दों का चुनाव तथा वर्गीकरण के अनुसार सिखाये जाते हैं।

THE CHANGE MAKERS

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



अटलजी देश के ऐसे पहले नेता हैं, जिन्होंने 1977 में सयुंक्त राष्ट्र की सभा में हिंदी भाषण दिया था। इससे पहले किसी भी नेता ने हिंदी में भाषण नहीं दिया था। अटलजी ने ही सयुंक्त राष्ट्र में हिंदी भाषा को पहचान दिलवाई थी।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## जूडो

14.55 मीटर लेंथ के 8 मैट लगाए जाते हैं। आसपास 3 मीटर का सेफ्टी एरिया भी होता है।




दोनों प्रतिभागी लाइन के पास आकर एक दूसरे को झुककर सम्मान देते हैं। फिर मैच शुरू होता है।

## जूडो के यूनिफॉर्म का नाम जुडोगी है



यह एक ट्रेडिशनल व्हाइट यूनिफॉर्म है। पर 2000 गेम्स के बाद इसमें सामने वाले खिलाड़ी की पहचान के लिए नीले रंग के ड्रेस को मान्यता दी गई। जुडोगी एक भारी जैकेट जैसा ड्रेस है। इसके साथ ही इसमें बेल्ट भी होता है, जो ट्रेनिंग के लेवल को बताता है।

14.55 मीटर लेंथ के 8 मैट लगाए जाते हैं। आसपास 3 मीटर का सेफ्टी एरिया भी होता है।




दोनों प्रतिभागी लाइन के पास आकर एक दूसरे को झुककर सम्मान देते हैं। फिर मैच शुरू होता है।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 477

**अटल बिहारी वाजपेई प्रथम बार किस लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे?**

A. लखनऊ


B. बलरामपुर

C. फुलपुर

D. वाराणसी



www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कवि,प्रखर वक्ता,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री
अटल बिहारी वाजपेयी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018
www.teachersofbihar.org
Madhu priya